भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2415
जिसका उत्तर मंगलवार 2 जनवरी, 2018 को दिया जाना है

वाहनों के मूल्य में वृद्धि

2415. एडवोकेट नरेन्द्र केशव सावईकर:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मारुति सुज़ुकी इंडिया द्वारा विनिर्मित वाहनों की उत्पादन लागत में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इसके वाहनों की कीमतों में वृद्धि के लिये एक प्रस्ताव अनुमोदित किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रस्ताव के अनुमोदन की तारीख क्या है;

(घ) क्या कीमतों में वृद्धि को अनुमोदित करने से पूर्व अन्य वाहनों की कीमतों में प्रतिस्पर्धा पर विचार किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (ङ): ऑटोमोबाइल उद्योग एक उदारीकृत सेक्टर है। अतः वाहनों के उत्पादन और उनकी कीमतों पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है।

*****